# समृद्ध वन, खुशहाल जन के साथ उज्जैन में विकास का महाआयोजन-आयुर्वेद का एम्स हॉस्पिटल बनेगा

## वन मेला बना पर्यावरण, रोजगार और शहर विकास का संगम, महाकाल की नगरी में विकास को गति

**उज्जैन। महाकुंभ के दौरान जो समुद्र मंथन हुआ था उसमें से भगवान धन्वंतरि भी निकले थे, ऐसे में उज्जैन से उनका जुड़ाव है यही कारण है कि आयुर्वेद का एम्स हॉस्पिटल भी उज्जैन शहर में बनाया जाएगा। साथ ही भैरवगढ़ और जीवाजी गंज क्षेत्र में भी अस्पताल बनेगा। यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन में की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विकास और पर्यावरण संरक्षण के नए अध्याय की शुरुआत करते हुए महाकाल वन मेले का शुभारंभ किया। दशहरा मैदान पर आयोजित यह मेला 11 से 16 फरवरी तक समृद्ध वन, खुशहाल जन थीम पर आयोजित हो रहा है।**

कार्यक्रम में प्राकृतिक होली रंग गुलाल और महाकाल स्मृति उपहार का विमोचन किया गया। साथ ही वन




विभाग की नई पहल महाकाल वन प्रसादम की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री ने वन विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और वन कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में वन, पर्यावरण विभाग के जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी अवसर पर शहर विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। सफाई व्यवस्था और अन्य कार्यों की प्रभावी मॉनीटरिंग के लिए 75 लाख रुपये की लागत से खरीदे गए 170 नवीन वायरलेस हैंडसेट स्वच्छता निरीक्षकों को सौंपे गए। इस तकनीक से नगर निगम के कार्यों की रियल टाइम मॉनीटरिंग, त्वरित संवाद और कर्मचारियों की लोकेशन ट्रैकिंग संभव होगी, जिससे सफाई व्यवस्था और मजबूत होगी। सफाई मित्रों का सम्मान भी किया गया।

कालिदास अकादमी परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों का डिजिटल भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया गया। 16 डोर टू डोर कचरा गाड़ियों और अन्य वाहनों का लोकार्पण, रामघाट छोटा पुल पेयजल लाइन शिफ्टिंग, सीएनजी आधारित एनिमल कारकस प्लांट, नगर वन क्षिप्रा विहार, स्केटिंग रिंग, भैरवगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और जीवाजीगंज सिविल अस्पताल सहित करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की शुरुआत की गई। ये परियोजनाएं उज्जैन को स्वच्छ, व्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी।

### मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं भी की

मुख्यमंत्री ने उज्जैन के धार्मिक महत्व को बताया साथ ही सांदीपनि आश्रम, मंगलनाथ मंदिर शनी मंदिर, चिंतामन गणेश मंदिर, अंगारेश्वर मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, चिंतामन गणेश मंदिर के विकास कार्य के साथ उन्नयन की भी बात कही। साथ ही आकाशवाणी केंद्र की सराहना करते हुए सीएम ने कहा कि सभी को सम्मानित करना चाहिए। बहुत अच्छा प्रसारण चल रहा है साथ ही महाकाल की गाथा भी बताई जा रही है। महिलाओं के लिए सीएम ने कहा कि निनोरा क्षेत्र और नागझरी में रेडीमेड गारमेंट की फैक्ट्री बनी है। वहां पर बहने नौकरी कर सकती है वेतन के अलावा 5000 की राशि सरकार की तरफ से भी दी जाएगी। वहीं कालिदास अकादमी में स्थाई शेड का निर्माण होगा, साइंस कॉलेज परिसर में गीता भवन बनाया जा रहा है, जल्द ही उसकी लोकार्पण भी किया जाएगा, उज्जैन से पीथमपुर के बीच सड़क का भूमि पूजन भी जल्द होगा। महाकाल की नगरी में पहली बार हो रहा यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि शहर विकास, वन आधारित अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक विरासत का संगम बनकर सामने आया है।



### वनवासियों की आजीविका मजबूत

वन मेला प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता, अकाष्ठीय वनोपज और वनवासियों की आजीविका को मजबूत करने का एक सशक्त मंच है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वन धन केंद्र, प्राथमिक लघु वनोपज समितियां, हर्बल और आयुर्वेदिक उद्योगों के प्रतिनिधि अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय कर रहे हैं। अकाष्ठीय वनोपज प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, जिससे लाखों परिवारों की आजीविका जुड़ी है। यह मेला वन संपदा के संरक्षण, संवर्धन और विपणन को नई दिशा देने का कार्य करेगा। मेले में लगभग 250 आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें विभागीय प्रदर्शनी, वन धन केंद्र, प्राथमिक लघु वनोपज समितियां, विंध्य हर्बल्स, निजी क्षेत्र और फूड झोन के स्टॉल शामिल हैं। ओपीडी में आयुर्वेदिक चिकित्सकों और पारंपरिक वैद्यों द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जा रहा है। क्रेता-विक्रेता सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक व्यंजनों की उपलब्धता मेले को विशेष बना रहे हैं। बच्चों के लिए किड्स झोन, वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्हील चेयर और गोल्फ कार्ट, नि:शुल्क बस सुविधा, सेल्फी प्वाइंट और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है।

## पं. उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण ने भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ के मुख्य आतिथ्य में भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरूष, जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने अपने विचार व्यक्त किए। केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर समर्पण निधि अभियान प्रारंभ किया गया। जिसमें भाजपा ताजपुर मण्डल ने स्वेच्छिक समर्पण निधि संग्रहण का लक्ष्य प्रथम दिवस ही प्राप्त किया। जिस पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने मण्डल अध्यक्ष अजय जोशी सहित समस्त ताजपुर मण्डल के कार्यकर्ताओं का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया व शुभकामनाएं प्रेषित की। गजेन्द्र परमार ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर श्याम शर्मा, सुमेरसिंह कालूहेड़ा, अजय जोशी आदि मौजूद थे।

# रेलवे ट्रैक पर मिली राजगढ़ के युवक की कटी लाश

**उज्जैन। रात में रेलवे ट्रैक से मिली लाश राजगढ़ के रहने वाले युवक की होना सामने आई है। भाई ने उसकी पहचान की। मृतक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और दो दिन से लापता था।**

बताया जा रहा है कि रात में जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन से कटने पर मौत होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतक की बॉडी को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। उसके पास से कुछ दस्तावेज मिले थे जिसके आधार पर पहचान की प्रयास की गई। सुबह राजगढ़ के जीरापुर से भाई अर्जुन उज्जैन पहुंच और मृतक की पहचान धर्मेंद्र पिता कालूराम 32 साल निवासी गांधी बस्ती के रूप में की। भाई ने बताया कि 2 दिन से लापता था जिसकी तलाश की जा रही थी। धर्मेंद्र का मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था पुलिस ने आशंका जताई है कि संभवत मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने पर रेलवे ट्रैक से गुजरते समय उसके साथ हादसा हुआ है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### कार में छुपा कर लाया था अंग्रेजी शराब की बोतलें

उज्जैन। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल के आसपास रात में सर्चिंग कर रही पुलिस ने कार को रोका और तलाशी ली तो उसमें से हजारों रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद हो गई। चालक को हिरासत में लेकर शराब के संबंध में जानकारी जुटा जा रही है। बुधवार को दशहरा मैदान में मुख्यमंत्री द्वारा वन मेले का शुभारंभ किया जाना था। उससे पहले रात में माधव नगर थाना पुलिस दशहरा मैदान कार्यक्रम स्थल के आसपास सर्चिंग कर रही थी। रात 3.30 के लगभग दूसरे मैदान के सभी साथी पॉइंट के पास कर क्रमांक एमपी 13 सीडी 7848 दिखाई दी। जिसे एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने रोका और चालक से पूछताछ की तो वह घबरा गया शंका होने पर कार की तलाशी ली गई तो उसमें रखी अंग्रेजी शराब की 36 बोतल मिली। चालक को हिरासत में लिया गया और शराब के साथ कार जब्त कर थाने लाया गया। शराब की कीमत 47.400 रुपए है। चालक का नाम रोहित पिता सत्यनारायण सोलंकी निवासी खंडेलवाल कम्पाउंड, थाना चिमनगंज मंडी सामने आया। इसके खिलाफ अवैध शराब परिवहन का मामला आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया।

### मोबाइल से हुई मृतक की पहचान


सोमवार मंगलवार रात इंदौर रोड स्थित इंपीरियल होटल के सामने अज्ञात वाहन ने एक युवक को कुचल दिया था। नीलगंगा पुलिस ने मृतक युवक के पास से मोबाइल बरामद किया था। जिसके आधार पर उसकी पहचान अमित पिता राजू रायकवार निवासी खंडवा के रूप में की। परिजनों से आने पर सामने आया कि अमित से ड्राइवरी करता था और इंपीरियल होटल में आयोजित शादी के दौरान मेहमानों को लेकर आया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। परिजनों ने उज्जैन में ही बीती शाम अंतिम संस्कार कराया।

## 1 दिन में 35 लाख रुपए की निधि एकत्रित की

**उज्जैन।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय समर्पण के प्रतीक थे इसलिए उन्होंने पूरा जीवन जनसंघ को दिया और एक नन्हा पौधा उस समय लगाया था जो आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में वटवृक्ष बनकर खड़ा है। यह बात आज समर्पण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर निगम की सभापति कलावती यादव ने कही। मुकेश यादव ने बताया आज समर्पण दिवस पर पार्टी द्वारा आजीवन सदस्य निधि एकत्रित करने का शुरुआती दिन है और आज एक ही दिन में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 35 लाख रुपए एकत्रित कर राशि जमा कर दी है। इस अवसर पर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, डॉ. सत्यनारायण जटिया, प्रभु लाल जाटवा ने संबोधित किया। इस अवसर पर सभी भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में रूप पमनानी, राजेंद्र भारती मौजूद थे। संचालन महामंत्री कमल बेरवा ने किया।

# सास अस्पताल से लौटी तो फंदे पर लटकी मिली बहू

**उज्जैन। घर में अकेली नवविवाहित बहू में फांसी लगा ली। सास अस्पताल से लौटी तो उसने फंदे पर लटका पाया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। विदित हो कि शहर में आत्महत्या करने वालों का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।**



जूना सोमवारिया में रहने वाली जरीना बी ने शाम को अस्पताल गई हुई थी। जब वापस घर लौटी तो उसने अपनी बहू रिजवाना बी पति शाहनवाज 22 साल को कमरे में फंदे पर लटका देखा। रिजवाना ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। सास ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। रिजवाना को फंदे से उतारा गया और अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। मामले में जीवाजीगंज पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि रिजवाना की अप्रैल 2025 में शादी हुई थी। पति छत्रीचौक पर कटलरी की दुकान लगाता है। मायका महिदपुर में था। घर में कोई परेशानी नहीं थी। रिजवाना ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। मायके पक्ष के भी बयान दर्ज किए जाएंगे।

### युवक ने भी लगाई फांसी

नीलगंगा थाना क्षेत्र की तिरुपति प्लैटिनम कॉलोनी में रहने वाले दीपेश पिता हीरालाल सोलंकी 21 वर्ष में मंगलवार बुधवार रात फांसी लगा ली। मां प्रेमलता ने उसे फंदे पर लटका देखा तो आसपास के लोगों को बुलाया। रात 2 बजे पुलिस घटनास्थल पहुंची। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा था कि दीपेश का अविवाहित था और शराब पीने का आदी था। शहर में अभी आत्महत्या करने वालों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसके कारणों का अगर पता लगाया जाए तो सबसे ज्यादा इसमें कर्ज से परेशान युवक ही बताए जा रह हैं। कहीं कहीं शराब आदि के प्रकरण सामने आ रहे हैं।

# जिले में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान जारी

**उज्जैन। पूर्णिमाश्री सेवा संगठन द्वारा जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से आयोजित किया जा रहा नि:शुल्क हृदय जांच शिविर अभियान निरंतर जारी है। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो संदेश जारी कर इस अभियान की प्रशंसा की एवं उज्जैन जिले के नागरिकों से शिविरों का लाभ लेने की अपील कर जिले को हार्ट सेफ डिस्ट्रिक्ट बनाने का संकल्प दोहराया।**

अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ किया गया उपरोक्त अभियान निरंतर जारी है। अभियान में जनता जनार्दन का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। जो उज्जैन को हार्ट सेफ डिस्ट्रिक्ट बनाने के संकल्प को मजबूत कर रहा है, इसी कड़ी में 10 फरवरी तक आयोजित शिविरों की समीक्षा उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक वीडियो संदेश जारी कर संपूर्ण आयोजन और अभियान की प्रशंसा करते हुए उज्जैन जिले के नागरिकों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है एवं उज्जैन को हार्ट सेफ डिस्ट्रिक्ट बनाने का संकल्प दोहराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो संदेश में कहा कि स्वास्थ्य रहेगा तो जीवन रहेगा। इसलिए उज्जैन जिले का प्रत्येक नागरिक इन शिविरों के माध्यम से अपने हृदय की जांच कराये।

खोईवाल ने आगे बताया कि बुधवार को वार्ड क्रमांक 5 स्थित इंदिरा नगर के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक एवं वार्ड 41 स्थित पांड्याखेड़ी में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक में एसएन कृष्णा हॉस्पिटल एवं सीएचएल हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से शिविर आयोजित किये गये। जिसमें क्षेत्र की जनता में उत्साहपूर्वक सहभागीता की। बुधवार को आयोजित शिविरों में महापौर मुकेश टटवाल, राजेंद्र भारती, पुरषोत्तम मालवीय, दिलीपसिंह परमार, बुध्दसिंह सेंगर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। इसी क्रम में आज गुरुवार को उज्जैन शहर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित ग्यास का वाड़ा में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक पर शिविर आयोजित किया जाएगा। जिलाधीश रोशनकुमार सिंह, सीएमएचओ अशोक कुमार पटेल, विक्रमसिंह गोंदिया, धर्मेन्द्रसिंह भदौरिया, दीपक अग्रवाल, प्रकाश गोमे, कन्हैयालाल चौहान, विजय द्विवेदी, विकास मालवीय, धर्मेन्द्र सोलंकी सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों ने शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील शहरवासियों से की है।

## एक नजर में



### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**उज्जैन।** मक्सी रोड स्थित बालाजी टाइल्स, नीमनवासा चकोर पार्क में मंगलवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा व्यास पं. अजय शंकर तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा का आयोजन 11 फरवरी से 17 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12.30 बजे से 3.30 बजे तक किया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिवस मीरा माधव मंदिर से बालाजी टाइल्स कंपाउंड तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह रहवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने सिर पर मंगल कलश धारण कर सहभागिता की। पं. तिवारी ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए कहा कि व्यास पीठ से कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित की कथा और तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया जाएगा। चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। विशेष रूप से 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग का आयोजन होगा। इसी दिन बालाजी टाइल्स के संजय पंवार एवं पंवार परिवार द्वारा शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा (स्थापना) की जाएगी। 16 फरवरी को रुक्मणी विवाह और 17 फरवरी को कथा के समापन पर महाप्रसादी का विशाल आयोजन होगा। पंवार परिवार द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन क्षेत्र का माहौल पूरी तरह धर्ममय हो गया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से कैलाश पंवार, रमेश पंवार, प्रकाश पंवार, राजमल पंवार, संजय पंवार सहित समस्त बालाजी टाइल्स पंवार परिवार और मित्र मंडल उपस्थित रहा। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासियों और धर्मप्रेमी जनता ने कथा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थिति दर्ज कराई।



### शिव महापुराण और रामकथा में उमड़े श्रद्धालु

**उज्जैन।** हीरा मिल परिसर, जीरो पॉइंट ब्रिज के पास स्थित श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर (पंचकोशी यात्रा का प्रथम व अंतिम पड़ाव) में चल रहे 10 दिवसीय शिखर कलश स्थापना महोत्सव के अंतर्गत बुधवार, 11 फरवरी से 'श्री शिव-शक्ति महायज्ञ' का शुभारंभ हुआ। इस महायज्ञ की पूर्णाहुति 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होगी। युवा मंच सत्संग समिति के अनुसार, मंदिर परिसर में ज्ञान और भक्ति की त्रिवेणी बह रही है। भाई जी प्रदीप जी महाराज के मुखारविंद से प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संगीतमय शिव महापुराण कथा का रसपान कराया जा रहा है। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीश्री 1008 भागवतानंद गिरि जी महाराज द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा सुनाई जा रही है। प्रतिदिन आरती के बाद श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जा रही है। कथा के चौथे दिवस की आरती के दौरान अखिल भारतीय सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर परमार और समाज के वरिष्ठजनों ने व्यास पीठ पर विराजित महाराज श्री का शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं उनके परिवार द्वारा भी संतों और मंच के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अजीत मंगलम के अनुसार कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था में सहयोग प्रदान करते हुए श्रीमती चंद्रकला शर्मा द्वारा 25,000 रुपये की राशि भेंट की गई। मंदिर समिति ने उनके इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी जनता से महायज्ञ और कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।



### 5 दिनों तक हुई काकड़ आरती

**उज्जैन।** श्री भागवत धर्म सेवा न्यास द्वारा संचालित श्री गजानन महाराज मंदिर में महाराज जी का प्रकट दिन और श्री रामदास नवमी का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। पांच दिनों तक चले इस भव्य धार्मिक आयोजन का समापन महाप्रसाद के साथ हुआ। न्यास के अध्यक्ष डॉ. मुकुंद गोखले एवं सचिव हर्षवर्धन गोरे ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव के दौरान मंदिर में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज रही। पांचों दिन प्रात: काकड़ आरती और महाआरती का आयोजन किया गया, वहीं शाम को विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ हुआ। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण पुणे (महाराष्ट्र) से विशेष रूप से पधारीं हरि भक्त परायण श्रेया बडवे द्वारा प्रस्तुत कीर्तन रहा, जिन्होंने अपनी मधुर वाणी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव के अंतिम दिन महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की और पुण्य लाभ कमाया।

# कोडिंग में कमाल : उत्कृष्ट के दो छात्रों को मुख्यमंत्री ने लैपटॉप देकर किया सम्मानित

## तकनीक के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

**उज्जैन। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माधव नगर के विद्यार्थियों ने तकनीक के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 'प्रोजेक्ट स्वाध्याय' के अंतर्गत संचालित 'कोड योगी' प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय के दो छात्रों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया।**

कालिदास अकादमी में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यालय के छात्र अवधेश शर्मा और अश्वनी ठाकुर को लैपटॉप प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इन दोनों विद्यार्थियों ने कोड योगी के तहत कंप्यूटर कोडिंग में कठिन माने जाने वाले 50 से अधिक स्टेज (चरण) सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। शासन ने उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए उन्हें लैपटॉप पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए।

### स्कूल गौरवांवित

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि बच्चे अब पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी कौशल में भी निपुण हो रहे हैं। इस उपलब्धि में स्कूल के स्वाध्याय प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी गौतम दीक्षित का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य और नोडल अधिकारी भी छात्रों के साथ उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने दोनों होनहार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**शिव विवाह की धूम** | शिव नवरात्रि का छठा दिन, मुंड माला, रुद्राक्ष की माला अर्पित की गई

# होलकर रूप में सजे भगवान महाकाल, चांदी का मुकुट, चंद्र व नए वस्त्र धारण किए

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में चल रहे शिव नवरात्रि उत्सव में छठे दिन बुधवार को भगवान महाकाल ने होलकर स्वरूप में सज कर भक्तों को दिव्य दर्शन दिए। गर्भगृह में भगवान को पुजारियों ने चांदी का मुखौटा, मुंड माला, रुद्राक्ष की माला, चांदी का मुकुट, चंद्र व गुलाबी नए वस्त्र धारण कराए।

सुबह 8 बजे मंदिर के प्रांगण में स्थित कोटितीर्थ कुंड के किनारे स्थित कोटेश्वर महादेव का पूजन-अभिषेक और आरती की गई। इसके बाद पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों ने गर्भगृह के अंदर रुद्र पाठ से अभिषेक किया। दोपहर 3 बजे बाद संध्या पूजा की गई। शिव नवरात्रि के सातवें दिन गुरुवार को भगवान महाकाल मनमहेश स्वरुप में दर्शन देंगे। 13 फरवरी को उमा महेश, 14 फरवरी को शिव तांडव रूप में श्रृंगार होगा व 15 फरवरी को सप्तधान का मुखौटा अर्पित कर सेहरा सजाया जाएगा।

इधर मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण मंत्री दिलीप अहिरवार ने बुधवार को महाकाल दर्शन किए।



मंदिर समिति की ओर से अहिरवार का स्वागत किया गया। उन्होंने नंदीहाल से दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



### महाकाल में सुरक्षा कर्मियों को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग दी गई



महाकाल मंदिर में सुरक्षा कर्मियों को फायर सेफ्टी के लिए ट्रेंड किया। महाकाल लोक में इसकी कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें मंदिर परिसर में स्थापित फायर एक्सटिंग्विशर की नियमित जांच, रखरखाव एवं आपातकालीन स्थिति में उनके प्रभावी उपयोग के बारे में समझाया। इस अवसर पर मंदिर के सुरक्षा अधिकारी दिलीप बामनिया, कोर कंपनी के सुपरवाइजर, कंपनी मैनेजर राहुल शर्मा उपस्थित रहे।